**उत्तर प्रदेश विधान परिषद के प्रथम सत्र, 2025 के प्रथम सोमवार हेतु निर्धारित डा० मान सिंह यादव, मा० सदस्य, विधान परिषद द्वारा पूछे गये तारांकित प्रश्न संख्या-06 का उत्तर।**

| प्रश्न | उत्तर |
|---|---|
| **6-** (क) क्या नगर विकास मंत्री बतायेंगे कि न्यू दुर्गापुरी कालोनी वादरखेड़ा जनता विहार (सलेमपुर पतौरा) बुद्धेश्वर मोहान रोड लखनऊ में उक्त कालोनी से साहू तक नाली व नाला बनाये जाने हेतु शशांक त्रिपाठी, विशेष सचिव, मुख्यमंत्री उ०प्र० को दिनांक 10-06-2024 का अनुस्मारक पत्र जो कि नगर आयुक्त नगर निगम लखनऊ को सम्बोधित था, प्राप्त हुआ है? | जी हाँ । |
| (ख) यदि हाँ, तो उक्त पत्र के मुख्य बिन्दु क्या थे और मुख्यमंत्री द्वारा क्या कार्यवाही के निर्देश दिये गये है, और कब दिये गये है ? | नगर निगम, लखनऊ के कल्याण सिंह वार्ड स्थित न्यू दुर्गापुरी कालोनी वादरखेड़ा, बुद्धेश्वर मोहान रोड, लखनऊ में रंजीत मौर्या/अरविन्द अवस्थी के घर से मेन रोड तक लगभग 300/400 मीटर की नाली एवं विजय यादव की मार्केट से रानी चक्की (साहू चक्की) तक लगभग 300/400 मीटर नाले का निर्माण कराये जाने की अपेक्षा की गई है। |
| (ग) उपरोक्तानुसार मुख्यमंत्री द्वारा कब आदेश दिया गया है और मुख्यमंत्री के आदेशों के क्रम में क्या और कब कार्यवाही की गयी है ? | नगर आयुक्त, नगर निगम, लखनऊ को सम्बोधित मा० मुख्यमंत्री जी के उक्त पत्र दिनांक 06.11.2023 के क्रम में अवगत कराया जाना है कि राज्य सेक्टर के मुख्यमंत्री नगर सृजन योजना (सी०एम०एन०एस०वाई०) द्वारा प्रश्नगत कार्य हेतु रू० 46.91 लाख की प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति प्रदान कर दी गयी है।<br>उक्त के क्रम में विषयगत कार्य की ई-निविदा दिनांक 03.02.2025 को आमंत्रित कर ली गयी है। ई- निविदा की कार्यवाही नियमानुसार पूर्ण किये जाने के उपरान्त उक्त प्रश्नगत कार्य कराया जाना प्रस्तावित है। |
| (घ) क्या उक्त का सम्पूर्ण विवरण सदन की मेज पर रखेंगे ? | उपरोक्तानुसार। |
| (ड) यदि नहीं, तो क्यों ? | प्रश्न नहीं उठता। |

**ए.के. शर्मा**
**मंत्री**
**नगर विकास विभाग।**